छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित्

छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी
सेक्टर– 21, अटल नगर, रायपुर (छ.ग), 492002
website- www.markfed.cg.nic.in Email.id ; mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्र./विप./हमाली/एफ–12/3048·/2018 अटल नगर, रायपुर, दिनांक 20.09.2018

खरीफ विपणन वर्ष 2018–19 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में हमाली कार्य की निविदा हेतु संशोधित सूचना

विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में हमाली कार्य हेतु निविदा के संबंध में प्री बीड दिनांक 14.09.2018 को विपणन संघ मुख्यालय में आयोजित की गई थी। निविदा के संबंध में प्राप्त आवेदनों के परीक्षण पश्चात निविदा की शर्तो में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

1. हमाल/ठेकेदार/फर्म/व्यक्ति को श्रम अधिनियम की धारा 1970 के तहत श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र टेण्डर प्राप्ति के पश्चात 7 दिवस में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा के तकनीकी बीड में हमाल ठेकेदार/फर्म/व्यक्ति का पंजीयन प्रमाण पत्र रखा गया है, जिसे संशोधित करते हुए नगर निगम का हमाल ठेकेदार/फर्म/व्यक्ति का पंजीयन प्रमाण पत्र किया जाता है।
3. ऑनलाईन ई निविदा के वित्तीय बीड में बारदाना गठान लोडिंग/अनलोडिंग कार्य एवं बारदाना गठान ढुलाई एवं थप्पी हेतु दर प्रति गठान के मान से प्रस्तुत करने के लिये ऑनलाईन ई–निविदा में विकल्प दिया गया है। अतः सभी निविदाकारों द्वारा अपने लेटरहैड में उक्त दरो का उल्लेख कर संलग्न किया जावे।
4. हमाल ठेकेदार को वस्तु एवं सेवाकर का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

शेष नियम व शर्तें यथावत् रहेंगे।

20/9/18
महाप्रबंधक (विप)

Scanned by CamScanner